सेवा में;

श्रीमान जिला प्रमुख महोदय,

विषय = शौचालय में महावारी स्वच्छता हेतु प्रार्थना पत्र,

महोदय,

सविनय नम्र निवेदन है, कि मेरा नाम खुशी रावत में कक्षा [illegible] कि छात्रा हूं ~~हमारे~~ हमारे विद्यालय में लडकियों को महावारी के समय बहुत सी परेशानिया होती हैं, लडकियों के शौचालय और लडकों के शौचालय पास-पास में हैं। जिससे लडकियों को पेड लेने में समस्या आती है और लडकियों के शौचालय समय-समय पर सफाई नहीं होती है। शौचालय में डस्टबिन कि व्यवस्था नहीं होने के कारण लडकियों को पेड को यूज करने में तकलीफ लगती है। शौचालय में गन्दगी भी रहती है। शौचालय के नजदीक दूसरों के घर भी है दरवाजे छोटे-छोटे हैं। शौचालय के पास नल कि व्यवस्था नहीं है। शौचालय के पास दूसरी कक्षा भी है पानी कि व्यवस्था शौचालय में नहीं होने के आस-पास में बदबू आती है, सफाई समय पर नहीं होने बिमारियां पैदा होती है। जिससे लडकियों को ~~पास~~ काफी परेशानिया होती हैं। सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण हमें भी कभी-कभी सफाई करनी पडती है, और उसमें पानी भी डालना पडता है। जिससे ~~हमारा~~ हमारी कक्षा में हो रही पढाई में परेशानिया आती हैं। पेड को डालने के लिए डस्टबिन नहीं होने के कारण कुछ लडकियों पेड को शौचालय में ही गिरा देती हैं। जिससे लडकियों को शौचालय में जाने में सही नहीं लगता है। डस्टबिन नहीं होने से महावारी के समय लडकिया पेड चेंज नहीं करती है। जिससे उन्हें ~~अनेक~~ अनेक बिमारीया लग जाती हैं। उनके कपडे गन्दे हो जाती है। कभी-कभी वह ~~बिमार~~ बीमार हो जाती है। जिससे वे स्कूल भी नहीं आती हैं। इनके कारण उनकी पढाई डिस्टब होती है।

महावारी के समय आने वाली निम्न परेशानिया ⇒

1. शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होती है, डस्टबिन की भी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

2. लड़के और लड़कियों के शौचालय पास-पास में है। जिससे वह महावारी के समय पेड चेंज करने में तकलीफ आती है।

3. शौचालय में साफ-सफाई नहीं होता है, और पानी की व्यवस्था न होने से शौचालय में से बदबू आती है।

4. कुछ-कुछ लड़कियां पेड के स्थान पर कपड़े को उपयोग में लेते है। जिसके कारन उन्हे बिमारियों का सामना करना पड़ता है।

इन परेशानियों को दूर करने के लिए कुछ सुझाव =>

समय-समय पर शौचालय में सफाई हो जिसके कारण हम लड़कियों को परेशानियाँ नहीं होगी, डस्टबिन अगर शौचालय में होंगे तो लड़कियां महावारी के समय पेड का उपयोग करने में हिचकिचायेगी नहीं, पास-पास में लड़के और लड़कियों के शौचालय है, उन्हे दूर-दूर बनवाये, समय-समय पर शौचालय में पानी की व्यवस्था हो, हमारी यहां के नल फिटिंग ठीक से करवाकर शौचालय में पानी की व्यवस्था हो। शौचालय टूटे-फूटे है, उन्हे ठीक से बनवाये, उन्हे इन सबकी समुचित व्यवस्था करवाये

राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक
विद्यालय सिलोरा

धन्यवाद

नाम कुशी रावत

Scanned with CamScanner